संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–........––पृष्ठ ..5....दिनांक...16-1......2021

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रतलाम | शहर विकास का पांच साल का रोडमैप देखने के लिए 27 जनवरी को आ रहे मुख्यमंत्री डोसीगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रहे अफोर्डेबल हाउस में हितग्राहियों का गृह प्रवेश भी कराएंगे। शुक्रवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने साइट निरीक्षण किया।

**27 जनवरी को प्रस्तावित है दौरा**

# कलेक्टर-एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 16-1-2021



**रतलाम.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम दौरे को लेकर शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचा और निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों के साथ महकमे के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने डोसी गांव पहुंच कर पीएम आवास का निरीक्षण किया। इसके अलावा दोनों पलसोड़ा और यहां भी संभावित कार्यक्रम स्थल को देखा और सुरक्षा व्यवस्था नहीं देखी।

सीएम के संभावित दौरे के दौरान रतलाम में अंबेडकर भवन एवं कालिका माता परिसर पर भी आने की संभावना के चलते अधिकारी यहां भी पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत भी मौजूद रहे।

16-1-2021

# आज लिया जायजा



## ऐसी है तैयारी

| | | |
|---|---|---|
| 10310 डोज | | 05 सदस्यों की टीम |
| 02 सेंटर | 34 आइस लाइन रेफ्रीजरेटर | 29 कोल्ड चेन पॉइंट |
| 8437 फ्रंटलाइन वर्कर | | 1578 वैक्सीन केरियर |
| 100 टीके एक सेंटर पर लगेंगे | 44 डीप फ्रीजर | 104 कोल्ड बॉक्स |

## पूरी तरह से सुरक्षित

हेल्थ वर्करों के लिए रतलाम आया कोवीशिल्ड वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, इससे किसी प्रकार के घबराने की जरूरत नहीं है। पहले दौर में वैक्सीनेशन का काम पूरा होने के बाद दूसरे चरण के लिए जल्द ही एक व्यक्ति की डोज रतलाम पहुंचेंगे। अभी जो वैक्सीन आए हैं, वह आधे लोगों को लग सकते हैं, शेष के लिए अगले कुछ दिन में वैक्सीन फिर से रतलाम पहुंच जाएंगे।

## नहीं है घबराने की जरूरत

फ्रंटलाइन वर्करों से कोरोना वैक्सीन लगाने की शुरुआत हो रही है। सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के सफाईकर्मी को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। उसके बाद हेल्थ वर्करों को वैक्सीन लगेगी। मेडिकल कॉलेज से इसकी शुरुआत होगी। फिलहाल रतलाम में दो सेंटर बनाए गए हैं जिसमें मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय शामिल है। प्रत्येक सेंटर पर 1 दिन में 100 व्यक्तियों को वैक्सीन लगेगी।



**गोपालचंद्र डाड**, कलेक्टर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—नईदुनिया—पृष्ठ 5 ....दिनांक 16-1 ....2021

# पीएम आवास के 100 हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाएंगे सीएम

## आगमन : 27 जनवरी को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां शुरू, कलेक्टर, एसपी और निगमायुक्त ने डोसीगांव पहुंचकर देखे इंतजाम

16-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के दौरे तय हो गए हैं। रतलाम में 27 जनवरी को मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने सीएम के प्रारंभिक कार्यक्रम में तय स्थानों पर जाकर इंतजाम परखे।

सुबह करीब 12 बजे डोसीगांव स्थित पीएम आवास मल्टी परिसर में कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण कर अन्य तैयारियों को देखा। मालूम हो कि शिवशंकर झुग्गी बस्ती के लोगों को यहां फ्लैट दिए जा रहे हैं। 100 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री द्वारा गृह प्रवेश कराया जाएगा। डोसीगांव से अधिकारियों का दल ग्राम पलसोड़ा पहुंचा, वहां अटल प्रतिमा का अनावरण प्रस्तावित है। इसके बाद आंबेडकर भवन के समीप मैदान एवं कालिका माता परिसर का सभा स्थल एवं भ्रमण मार्ग का जायजा लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा भी तय की गई। इस दौरान निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत सहित अन्य अधिकारी साथ रहे। रतलाम दौरे में मुख्यमंत्री का सर्वाधिक ध्यान शहर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। इसके लिए शासन स्तर से भी पांच साल का रोडमैप बनाने के निर्देश मिले हैं। नगर निगम सीमा में चल रहे कार्यों व प्रस्तावित योजनाओं को लेकर प्रजेंटेशन तैयार किया जा रहा है।

### शहर विकास के रोडमैप में इन बिंदुओं पर ध्यान

**सड़क-** मिनी स्मार्ट सिटी योजना में 25 करोड़ रुपये की लागत से शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों का निर्माण किया जाना है। इसमें से कुछ पर काम प्रारंभ भी हो गया है। सीएम काम की प्रगति पर जानकारी लेंगे। इसके साथ ही मुख्य मार्गों के अतिरिक्त आंतरिक मार्गों व लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़कों के निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत किए जाने की संभावना है। अभी सीवरेज लाइन के प्रोजेक्ट में खोदाई के चलते मार्गों की हालत खराब हो गई है।



पीएम आवास मल्टी परिसर में जायजा लेते हुए कलेक्टर, एसपी। • नईदुनिया

**पानी-** शहर में प्रतिदिन पेयजल वितरण के लिए नगर निगम काम कर रहा है। कस्तूरबा नगर टंकी से एक माह पूर्व शुरुआत हो गई है। संभावना है कि दीनदयाल नगर टंकी से भी 27 जनवरी को सीएम के हाथों प्रतिदिन जलवितरण की शुरुआत करा दी जाए।

**स्ट्रीट वेंडर ऋण योजना-** इस योजना पर सीएम का विशेष ध्यान है। स्ट्रीट वेंडर शहरी योजना के तहत लगभग 6000 में से 4765 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। 4267 प्रकरणों में वितरण की कार्रवाई की गई है। करीब 500 प्रकरणों में बैंकों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। 27 जनवरी से पहले लंबित मामलों को निपटाने की तैयारी की जा रही है।


**राजस्व-** कोरोना काल में शासन व निगम के राजस्व में कमी आई है। इसके चलते निगम अपने स्तर पर भी संपत्तियों की बिक्री कर राजस्व जुटाने में लगा है। डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड पर तीन दुकानें, एक मैजेनाइन, भवन की छत विक्रय से ही करीब 11 करोड़ रुपये व प्रतिवर्ष 20 लाख रुपये किराया आने की संभावना है। इसके अलावा पीएम आवास के 96 एमआइजी फ्लैट भी 22 लाख रुपये की लागत से विक्रय के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

### कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहे

रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पीएम आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया जाएगा। अन्य कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# जिले में कोरोना टीकाकरण अभियान आज से, 8437 कर्मचारी चिन्हांकित

## टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं कारगर, पहला टीका सफाई कामगार को लगाया जाएगा-कलेक्टर



रतलाम ● स्वदेश समाचार 16-1-2021

जिले में प्रथम चरण में फ्रंटलाइन वर्कर को टीका लगाया जाएगा। जिले के 8437 वर्कर को चिन्हांकित किया जा चुका है। यह भारत सरकार के कोविड पोर्टल पर पंजीकृत फ्रंटलाइन वर्कर के अनुसार टीकाकरण होगा। चिन्हित फ्रंटलाइन वर्कर में शासकीय, अशासकीय, हेल्थ वर्कर्स तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सम्मिलित है। पहला टीका सफाई कर्मचारी को लगाया जाएगा। टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं कारगर है।

कलेक्टर गोपालचंद डाड ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 जनवरी को प्रात: 9 बजे कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम का अखिल भारतीय शुभारंभ करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण होगा। प्रसारण को सीधे सुनने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने टीकाकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वैक्सीन के प्रत्येक हितग्राही को दो डोज 28 दिन के अंतर से प्रदान किए जाएंगे। कोल्ड चेन व्यवस्था के तहत 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर वैक्सीन का भंडारण किया गया है। जिले में 29 कोल्ड चेन पाइंट, 1578 वैक्सीन केरीयर, 4 कोल्ड बाक्स, 34 आइसलाइन रेफ्रीजेटर तथा 44 डीप फ्रीजर उपलब्ध है। टीकाकरण के लिए कोविशील्ड वैक्सीन का डोज इंजेक्शन 0.5 इंट्रामस्क्यूलर माध्यम से लगाया जाएगा।

जिले में वैक्सीन सुरक्षित रखने के लिए मजबूत कोल्डचेन व्यवस्था की गई है। वैक्सीन के तापमान की पूरे समय निगरानी की जाएगी। हितग्राहियों को टीकाकरण के लिए समय, स्थान तथा दिनांक की सूचना कोविड पोर्टल के माध्यम से एसएमएस द्वारा दी जाएगी। टीकाकरण टीम में पांच सदस्य रहेंगे। प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर एक दिवस में 100 हितग्राहियों को टीकाकरण किया जाएगा। यह सप्ताह में चार दिन होगा। रविवार, मंगलवार तथा शुक्रवार को टीकाकरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण दलों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। गर्भवती महिलाओं तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों तथा अतिसंवेदनशील प्रकृति के व्यक्तियों को टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री शिवराज 19 जनवरी को संबल योजना में वितरित करेंगे राशि

राज 16-1-2021

मुरैना, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 19 जनवरी को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम ''आपका संबल-आपकी सरकार'' में हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान संबल योजना के हितग्राहियों को 19 जनवरी 2021 को दोपहर 3 बजे मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के जरिए करेंगे। हितलाभ वितरण के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण संपूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। प्रदेश की सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़वानी, उज्जैन, बैतूल और जबलपुर जिलों से एक-एक हितग्राही से मुख्यमंत्री श्री चौहान संवाद करेंगे।

# 12 नगरीय निकायों में खरीदे जाएंगे छोटे फायर ब्रिगेड वाहन

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। नगरीयनगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी राज्य सरकार ने 12 निकायों में छोटे फायर ब्रिगेड वाहन खरीदने की मंजूरी दे दी है। 25 लाख रुपये लागत के इन वाहनों के लिए 75 फीसद राशि सरकार देगी और 25 फीसद निकाय को मिलाना होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इन वाहनों के लिए दो करोड़ 25 लाख रुपये की मंजूरी दे दी है।

फायर ब्रिगेड वाहन खरीदने के लिए दतिया जिले की नगर परिषद बड़ौनी, भिंड की अकोड़ा, अशोकनगर की ईसागढ़, आलीराजपुर की जोबट, नीमच की जीरन, उज्जैन की माकड़ोन, सीधी की मझौली, टीकमगढ़ की खरगापुर, देवास की सतवास, आगर की बड़ोद, शिवपुरी की बदरवास और छतरपुर की धुवारा को बजट मिलेगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगरीय निकायों के लंबित बिजली बिलों का भी भुगतान कर दिया है। संचालनालय ने विद्युत वितरण कंपनियों को 50 करोड़ रुपये दिए हैं।

नई दुनिया
16-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दैनिक भास्कर–पृष्ठ 3 दिनांक 1.6.1 2021

## रोजगार मेले में 579 युवाओं का प्रारंभिक चयन



रोजगार मेले में पंजीयन करवाते हुए युवा। ●नईदुनिया

रतलाम। जिला प्रशासन तथा रोजगार कार्यालय द्वारा शुक्रवार को आयोजित किए गए रोजगार मेले में 579 युवाओं का रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से कंपनियों द्वारा चयन किया गया। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा मेला आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, आइटीआइ प्रिंसिपल यूपी अहिरवार, महाप्रबंधक उद्योग केसी शर्मा, जिला श्रम पदाधिकारी आरके लोधी, सहायक प्रबंधक उद्योग महेंद्र नागराज उपस्थित थे। रोजगार मेले में आसपास के कई जिलों से भी युवा सम्मिलित हुए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 24 कंपनियों ने सहभागिता की। रोजगार मेले में 1566 युवाओं का पंजीयन किया गया था, जिसमें से 579 का चयन प्रारंभिक रूप से किया गया।

नईदुनिया 1-6-1-21

# वेतन के साथ कार्यस्थल के बारे में युवाओं ने स्टॉलों पर ली जानकारी

### रोजगार मेले में जिले के 1566 युवाओं ने कराया पंजीयन



रोजगार मेले में आई युवतियां एवं महिलाएं नौकरी के संबंध में जानकारी लेते हुए।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-6-1-2021

विधायक सभागृह में शुक्रवार को जिला प्रशासन व रोजगार विभाग ने रोजगार मेला लगाया। यहां कंपनियों के स्टॉल लगे थे।

बीए, बीएससी, एमएससी पास युवाओं ने स्टॉल पर पूछा आपकी कंपनी में कितने रुपए की नौकरी मिलेगी, कार्यस्थल बाहर रहेगा या नहीं, कितने रुपए वेतन मिलेगा, आगे बढ़ने के चांस हैं या नहीं, ट्रेनिंग कितने दिन की रहेगी। यहां फॉर्म भरने के बाद अन्य प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ज्वाइनिंग होगी। मेले में 24 कंपनियों ने सहभागिता की।

## कलेक्टर और एसपी भी पहुंचे

रोजगार मेले में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व एसपी गौरव तिवारी भी पहुंचे। कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया भी थे। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 24 कंपनियों ने सहभागिता की। कंपनियों द्वारा युवा बेरोजगारों का पंजीयन किया, साथ ही 574 युवाओं का रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। 1566 युवाओं का पंजीयन किया गया।

### मेले में निजी क्षेत्र की 24 कंपनियों ने सहभागिता की

# 579 युवाओं का रोजगार के लिए चयन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 1-6-1-2021



रतलाम. शहर में शुक्रवार को आयोजित किए गए रोजगार मेले में 579 युवाओं को रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से कंपनियों द्वारा चयन किया गया। मेला बरबड़ स्थित विधायक सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड भी पहुंचे। रोजगार मेले में रतलाम जिले के अलावा आसपास के कई जिलों के युवा सम्मिलित हुए।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 24 कंपनियों ने सहभागिता की। कंपनियों द्वारा युवा बेरोजगारों का पंजीयन किया, साथ ही 574 युवाओं का रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। रोजगार मेलें में 1566 युवाओं का पंजीयन किया गया। सुबह पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, आईटीआई प्रिंसिपल यू.पी. अहिरवार, महाप्रबंधक उद्योग महेश शर्मा, जिला श्रम पदाधिकारी आर.के. लोधी, सहायक प्रबंधक उद्योग महेंद्र नागराज उपस्थित थे।

रोजगार मेले के दौरान कार्यक्रम स्थल पर स्थान को लेकर प्रधानमंत्री कौशल उन्नयन व उद्योग संगठन के एक पदाधिकारी के बीच कहासुनी हो गई। उद्योग संगठन के पदाधिकारी देर से पहुंचे और पहले आए शख्स से स्थान को लेकर विवाद करने लगे। धमकी भरे स्वर में कह दिया कि यहां का पूरा अरेंजमेंट मेरा है, मैं चाहूं तो सांसद से बोलकर आपको यहां से हटावा दूंगा।

पत्रिका 1-6-1-2021

# माणकचौक महालक्ष्मी मंदिर के पास से निगम अमले ने अतिक्रमण हटाया, रात को ही सफाई करवाई



रतलाम | सफाई के मामले में शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने में जुटे आयुक्त सोमनाथ झारिया शुक्रवार रात निरीक्षण पर निकल गए। इस दौरान माणकचौक महालक्ष्मी मंदिर के पास से सड़क पर खड़ी दो ठेलागाड़ियां हटाने को लेकर नेहा सोलंकी नामक महिला ने विवाद भी किया, लेकिन निगम अमले के आगे एक न चली। ठेलागाड़ी जब्त करने के साथ वहां की सफाई भी करवाई गई। इसके अलावा दौलतगंज, नागरवास सहित आसपास के इलाकों से भी कचरा उठवाकर सफाई करवाई। उपायुक्त विकास सोलंकी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह साथ रहा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ ..6....दिनांक..1.6.1.......2021

## 85 दिनों में ठीक किए 125 वॉल्व व 588 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। 85 दिनों में 125 वॉल्व व 588 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को तुलसी नगर, मुखर्जी नगर, पटेल कॉलोनी, फकीरों का मोहल्ला, खान बावड़ी, गोशाला उद्यान के सामने व ऑफिसर्स कॉलोनी में सुधार कार्य हुआ।

**खुशखबरी** • सुबह 9 बजे से लगने लग जाएगा टीका, वैक्सीन लगने के बाद 42 दिन तक दोगुना सुरक्षा रखना होगी

# आ गई खुशियों की घड़ी : फ्रंट लाइन वर्कर बोले- अब निडर होकर हम कर सकेंगे काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

16-1-2021

280 दिन कोरोना के साथ गुजारने के बाद आज वो दिन आ गया है... जिसका हम सभी को बेसब्री से इंतजार था। सुबह 9 बजे से फ्रंटलाइन वर्करों को वैक्सीन लगना शुरू हो जाएगी। वैक्सीन को लेकर फ्रंटलाइन वर्करों का कहना है कि इससे उनका डर दूर होगा। वे दोगुनी ताकत से काम कर सकेंगे। इधर शुक्रवार को कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। इसे लगने के बाद 42 दिन तक सावधानी रखना होगी। संक्रमण से बचकर रहना होगा।

**5 नए पॉजिटिव :** जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को 5 नए पॉजिटिव मिले इसी के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 4260 हो गई। नए संक्रमितों में कादरी कॉलोनी, अरिहंत, पिपलौदा, जिला जेल के लोग शामिल हैं। अब जिले में एक्टिव केस 126 हैं।

## इसलिए जरूरी है ये टीका... स्वास्थ्य कर्मचारी बोले-वैक्सीन से राहत मिलेगी

### 1. 40% फेफड़े खराब हो गए, ऑक्सीजन पर रहे, बेटी भी हो गई पॉजिटिव

स्वास्थ्य विभाग के 51 वर्षीय डीपीएम अजहर अली 28 अगस्त को पॉजिटिव आए थे। 27 अगस्त को डॉक्टर को दिखाया। सामान्य दवा ली, असर नहीं हुआ। तब 28 को सैंपल दिया, पॉजिटिव आ गया। मेडिकल कॉलेज में तीन दिन बाद स्थिति बिगड़ी, सिटी स्कैन करवाया तो पता चला कि लंग्स 40 प्रतिशत तक डैमेज हो चुके हैं। बिटिया भी पॉजिटिव निकली, ये खबर सुनकर और तबीयत बिगड़ी। करीब एक से डेढ़ महीने में रिकवरी हुई। आज काम कर रहे हैं लेकिन डर है। मास्क बिलकुल नहीं हटाते हैं।



### 2. दिल के मरीज... संक्रमित हो गए, लेकिन काम चालू था, बोले - हिम्मत मिलेगी



जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदलेकर सितंबर में संक्रमित हुए थे। चंदेलकर ने बताया पहले अटैक आ चुका है, ऐसे में बहुत सावधानी रख रहा था लेकिन संक्रमित हो गया। इस बात का खतरा पहले ही था इसलिए परिवार से दूर रह रहा था। मरीजों के संपर्क में आने से पॉजिटिव हो गया। हालांकि, उस दौरान भी मेरा काम चालू था। फोन पर जरूरी काम कर देते थे। वैक्सीन आने से मुझ जैसे हजारों कर्मचारी निडर होकर काम कर सकेंगे।

### 3. वार्ड बॉय बोला- जब पॉजिटिव हुआ तब तनाव में था, वैक्सीन लगने का इंतजार



सीएमएचओ ऑफिस में वार्ड बॉय जितेंद्र वाघेला है। जितेंद्र आवक-जावक शाखा में थे। जितेंद्र ने बताया कई लोगों से मिलना हो जाता था, इसी दौरान अक्टूबर में मुझे बुखार आ गया। जांच करवाई तो मैं कोरोना पॉजिटिव निकला। नवीन कन्या शाला में क्वारेंटाइन हुआ। मैं तनाव में था। आज भी डर रहता है। हालांकि अब वैक्सीन लग रही है, इस दिन का बेसब्री से इंतजार है।

## अब तक 10,310 डोज मिले हैं

**सीधी बात**
गोपालचंद्र डाड, कलेक्टर, रतलाम

**भास्कर- टीका लगवाने के बाद क्या परेशानी हो सकती है, यदि ऐसा होता है तो क्या किया जाएगा?**

- कलेक्टर - कोई गंभीर लक्षण नहीं दिखेगा। बुखार, ठंड लगना, टीका लगाने के स्थान पर लालिमा हो सकती है। डॉक्टर निगरानी करेंगे। टीका लगवाने के बाद 30 मिनट तक आब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

**भास्कर- वैक्सीन लगने के बाद कितने दिन सावधानी रखना होगी?**

- कलेक्टर- कम से कम 42 दिन। 28 दिन में दो डोज लगेंगे। दूसरा डोज लगने के 14 दिन बाद तक सावधानी रखना होगी।

**भास्कर- एक दिन में कितने लोगों को टीका लगेगा, वैक्सीन को ज्यादा दिन तक सुरक्षित रखने के लिए कितने इंतजाम हैं?**

- कलेक्टर- एक दिन में एक केंद्र पर 100 लोगों को टीका लगाएंगे। अभी हमें 10,310 डोज मिले हैं, जल्द और भी आ जाएंगे। हमारी कोल्ड चैन बहुत मजबूत है। 29 कोल्ड चेन पॉइंट, 1578 वैक्सीन कैरियर, 104 कोल्ड बॉक्स, 34 आइस लाइन रेफ्रिजरेटर, 44 डीप फ्रिजर हैं।

# गंदगी व अतिक्रमण करने पर 32 व्यक्तियों पर जुर्माना

21-6-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहा–वहा डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारो पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरो से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार विराली ड्रेसेस माणक चौक पर 1000, मंगल सुराना, राज कलेक्शन, संजय सेठन्या, मुकेश माणक चौक पर 500–500, अल अनवर टेलर चांदनी चौक, अशोक कटारिया त्रिपोलिया गेट पर 500–500, कुतबी टेलर त्रिपोलिया गेट पर 300, श्रीराम नमकीन चांदनी चौक पर 250, उस्मान चांदनी चौक, हरिशंकर, राकेश, मुनव्वर, बबलू त्रिपोलिया गेट पर 100–100, आबिद, मुकेश, रोशन माली, नाथुलाल, विकास पोरवाल, कान्हा, दुर्गेश, भराडा नमकीन, जितेन्द्र, सिफतानुद्दीन, मनोहर, हुसैनी, नाहर, शहजादी, बाबुभाई चांदनी चौक, रेहाना, जमीला, सोनू बाथम त्रिपोलिया गेट पर 50–50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ 2....दिनांक..1.6.1......2021

# गंदगी और अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर माहेश्वरी मेडिकल एजेंसी नाहरपुरा पर 2000, विनायक इंटरप्राइजेस, राजेश माहेश्वरी नाहरपुरा, आदेश्वर सेल्स एजेंसी पूर्णेश्वर मंदिर पर 500-500, कुतुबउद्दीन मिर्ची गली पर 300, उस्मान भाई, नीरज मसाला पर 250-250, समीउल्ला खां महू नीमच रोड पर 200, विजय, दीपक माणक चौक, भेरूसिंह, बाबूलाल महू रोड बस स्टैंड व रामप्रसाद पूर्णेश्वर मंदिर पर 100-100 रुपये का जुर्माना किया गया।

# नगर निगम ने शुरू किया पहली बार खाद बनाना

पत्रिका
**सोशल वैल्यू**

16/1/2021



**रतलाम.** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर एक पर लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने आयुक्त सोमनाथ झारिया की सलाह के बाद जैविक खाद बनाने की शुरुआत की है। इसके लिए फूल की पत्ती से लेकर पेड़ की पत्ती का उपयोग हो रहा है। इनमे करली मिट्टी की लेयर से इसको तैयार किया जा रहा है। 15 जनवरी के बाद शुरू हुए इस निर्माण का बेहतर प्रतिसाद मिला है व निगम इस बने हुए खाद का उपयोग स्वयं के ही बगीचों को हरा भरा करने के लिए कर रही है। शहर के करीब 30 बगीचों में इस प्रकार की खाद को बनाया जा रहा है।

इन दिनों तेज हवाएं चलने से पेड की पत्तियां निकल रही है। अब तक नगर निगम इन पत्तियों को बाहर फैंक देता था या निगम के कर्मचारी सारे कचरे को एक स्थान पर डालकर जलाते थे। इससे धूंआ होता था व वायु प्रदुषण होता था। अब इससे शहर को निजात दिलाने की शुरुआत हो गई है। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला स्वयं ही इन पत्तियों सहित फूल आदि से जैविक खाद बना रहा है। फिलहाल खाद बनाने की शुरुआत की है, निगम के आला अधिकारियों का कहना है कि जैसे जैसे खाद बनने का कार्य बढ़ता जाएगा, इसको बाजार में कृषकों सहित अन्य के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## इस तरह हो रहा काम

पेड की पत्ती निकल रही उसको डालते है। गीला कचरा आदि में कल्चर डालते। इसकी शुरुआत 25 से 30 बगीचों में की गई है। इसके अलावा जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में गीले कचरे से भी खाद बन रही है। शहर के अतिप्राचिन कालिका माता मंदिर से निकलने वाले फूल से खाद बनाने की मशीन लगाई है। वहां भी निर्माण चल रहा है। 49 वार्ड में बगीचों में कम्पोस्ट पीट बनाने का कार्य चल रहा है। इसके बाद सभी बगीचों में खाद बनने का कार्य पूरा शुरू हो जाएगा। वही निकलने वाली पत्ती कल्चर व काली मिट्टी की लेयर डालकर खाद बनाएंगे।

> शहर में नगर निगम ने बगीचों में खाद बनाने की शुरुआत की है। इसका उपयोग फिलहाल स्वयं के बगीचों में ही किया जा रहा है। जैसे जैसे यह निर्माण कार्य तेज होगा, नगर निगम इस खाद की बिक्री भी करेगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम